DEVIDAYAL
SOLAR SOLUTIONS™
DEVIDAYAL SOLAR SOLUTION PVT LTD



# सोलर डीसी रेफ्रिजरेटर


# यूजर मैनुअल

मॉडल V.22 : DDSR-100, DDSR-150, DDSR-200, DDSR-250, DDSR-300

नोट: कृपया उपयोग करने से पहले इस मैनुअल को ध्यान से पढ़ें और दिए गए निर्देश के अनुसार ऑपरेट करना सुनिश्चित करें

# विषय-सूची


| | |
|---|---|
| सीईओ का संदेश | 2 |
| **मेंटनेंस** | |
| महत्वपूर्ण नोट | 3 |
| महत्वपूर्ण सुरक्षा निर्देश और उपयोग के लिए सावधानियाँ | 5 |
| डिफ्रॉस्टिंग | 8 |
| सफाई (क्लीनिंग) | 9 |
| **एप्लायंस का तकनीकी और उपयोग संबंधी विवरण** | |
| विशेषताएं और कैसे उपयोग करें | 10 |
| स्ट्रक्चर ड्राइंग | 11 |
| डिस्प्ले ऑपरेटिंग निर्देश तालिका और बैटरी सुरक्षा फ़ंक्शन | 12 |
| तकनीकी मापदंड | 13 |
| अनुशंसाएँ और ऊर्जा आवंटन तालिका | 14 |
| समस्या–निवारण | 15 |
| त्रुटि कोड और स्कीमैटिक्स | 16 |
| सर्विस से पहले के कार्य | 17 |
| **वायरिंग और इंस्टॉलेशन** | |
| इलेक्ट्रिकल डीसी कनेक्शन | 18 |
| कनेक्शन (सोलर पैनल + बैटरी + कंट्रोलर + डीसी रेफ्रिजरेटर) | 19 |
| **सर्विस पॉलिसी और वारंटी** | |
| सर्विस पॉलिसी | 20 |
| गारंटी | 22 |




# <u>हमारे सर्टिफिकेशन</u>

**IEC 60335-2-24 in conjuction with 60335-1**

**CLASP, Re/genT Lab, netherlands**

**Finalist, 2019**

**CPRI (India) Lab**

# सीईओ का संदेश

प्रिय ग्राहक,

आपको नए डीडीसोलर (DDSolar) प्रोडक्ट की खरीद के लिए बधाई, जो अपने बेहतरीन कार्य–प्रदर्शन और ऊर्जा दक्षता (एनर्जी एफ़िशिएंसी) के लिए लोकप्रिय है।
देवीदयाल सोलर रेफ्रिजरेटर को इस तरह बनाया गया है जिससे ये कुशलतापूर्वक और बिना किसी झंझट के काम कर सकें। इसे वर्तमान समय में बाजार में उपलब्ध सर्वोत्तम मटेरियल्स से बनाया गया है, और इनके निर्माण की प्रक्रिया में गुणवत्ता नियंत्रण उपायों का पूरा ध्यान रखा गया है। इसके निर्माण में प्रभावी डीसी कंप्रेसर का उपयोग किया जाता है, जो एनर्जी सेविंग के लिए अनुकूलित है। इनके सालों–साल संतोषजनक और परेशानी मुक्त कार्य–प्रदर्शन को सुनिश्चित करने के लिए, हम वास्तविक परिचालन स्थितियों में अपनी फ़ैक्टरी की प्रयोगशालाओं में इनका परीक्षण करते हैं।
हमें यकीन है कि समय के साथ और इसके कार्य–प्रदर्शन से यह साबित हो जाएगा कि आपने इस प्रोडक्ट में भरोसा जताकर सही किया था। आप इस मैनुअल की मदद से अपनी मशीन का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि कुछ समय निकालकर इसे ध्यान से पढ़ें। कृपया इस मैनुअल में दिए गए समस्या–निवारण चार्ट को देखें ताकि आपके प्रोडक्ट में कोई समस्या होने की स्थिति में आपको मदद मिल सके। इससे आपकी समस्या का आसान और स्पष्ट समाधान मिल सकता है। यदि वह काम नहीं करता है, तो देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस या नजदीकी प्रोडक्ट डीलर से संपर्क करें।

हम आपके साथ दीर्घकालिक और पारस्परिक रूप से संतोषजनक सहयोग की आशा करते हैं।
हार्दिक शुभकामनाओं सहित,

Tushar Devidayal

तुषार देवीदयाल
फाउंडर एवं सीईओ।

*"मैं हमेशा डिस्ट्रीब्यूटेड सोलर एनर्जी की क्षमता और भविष्य पर इसके प्रभाव को लेकर रोमांचित रहा हूँ। रिन्यूएबल एनर्जी के लिए यह मेरा जुनून ही था जिसने डीडीसोलर की स्थापना के लिए मुझे मुख्य रूप से प्रेरणा दी।"*

## महत्वपूर्ण नोट

- कंप्रेसर ऑयल पूरी तरह से सेटल हो जाए, इसके लिए जरूरी है कि एप्लायंस को चालू करने से पहले 2 घंटे के लिए इसे सामान्य ऑपरेटिंग स्थिति में छोड़ दिया जाए।
- इंस्टॉलेशन के लिए शिपमेंट डिलीवर होने के बाद, इस्तेमाल के लिए चालू करने से पहले कृपया रेफ्रिजरेटर को 12 घंटे तक बंद रखें
- खाने की कोई भी चीज़ रखने से पहले, एप्लायंस को कम से कम 4 घंटे तक चलाना चाहिए ताकि कैबिनेट का इंटीरियर ठंडा हो सके।
- यह एप्लायंस केवल 12/24 वोल्ट डीसी (डायरेक्ट करंट) पर काम करता है! इसे किसी भी एसी (अल्टरनेटिंग करंट) पॉवर सोर्स से सीधे कनेक्ट न करें।
- इस एप्लायंस को घरेलू इस्तेमाल या हल्के स्तर के वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए डिज़ाइन किया गया है! खास तौर पर खाने/कंज्यूम करने वाले खाद्य और पेय पदार्थों (खाद्य पदार्थों) के भंडारण के लिए।
- ढक्कन को खोलने के लिए हैंडल पर अत्यधिक बल का प्रयोग न करें।
- यदि कमरे/परिवेश का तापमान एप्लायंस के ऑपरेटिंग तापमान तक पहुँच जाता है, तो एप्लायंस उस तरह काम नहीं करेगा जैसा उसे करना चाहिए। यदि कमरे/परिवेश का तापमान 40°सेल्सियस से अधिक है, तो एप्लायंस उस तरह काम नहीं करेगा जैसा उसे करना चाहिए।

- सोलर पैनल को हर महीने एक बार साफ करें।
- सामान्य एसी यूनिट्स की तुलना में डीसी रेफ्रिजरेटर द्वारा ठंडा करने की क्षमता कम होती है। चूँकि कंप्रेसर छोटा होता है, इसलिए यूनिट अधिक कुशलता से रन करता है।
- किसी भी तीखे गंध से बचाव और ताजगी बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि डीसी रेफ्रिजरेटर को परंपरागत ढंग से हर तीन महीने में साफ किया जाए; इसमें अंदर से पानी निकालने के बाद सूती कपड़े से उसकी सफाई करना शामिल है।
- डीसी बल्ब या डीसी फैन को मेन्स से कभी कनेक्ट न करें। इंस्टॉलेशन के दौरान दिए गए निर्देश के अनुसार, केवल देवीदयाल द्वारा प्रदत्त जंक्शन बॉक्स से कनेक्ट करें।
- रेफ्रिजरेटर के आसपास के क्षेत्र को हमेशा साफ रखें।
- डोर गैसकेट को साफ रखें।
- डिजिटल डिस्प्ले या कंप्रेसर सेक्शन के आसपास पानी न लगने दें।
- रेफ्रिजरेटर का दरवाजा ज्यादा देर तक खुला न रखें।
- रेफ्रिजरेटर में हमेशा पहले से ठंडी चीज़ों को रखने का प्रयास करें।

# सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश

**ये निर्देश आपकी सुरक्षा को ध्यान में रखकर दिए गए हैं।**
कृपया सुनिश्चित करें कि आप इस एप्लायंस को इंस्टॉल या उपयोग करने से पहले सभी ध्यान गौरतलब बातों को समझते हैं। आपकी सुरक्षा सर्वोपरि है। यदि आपको इनमें से किसी के भी अर्थ या चेतावनी को लेकर संशय है, तो सहायता के लिए **देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** या अपने किसी भी लोकल प्रोडक्ट डीलर से संपर्क करें।

## इंस्टॉलेशन से पहले

डिलीवरी के समय, कृपया यह जाँच लें कि एप्लायंस पूर्ण है और ट्रांसपोर्टेशन के दौरान क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है। ऐसे एप्लायंस को कनेक्ट करने की सलाह नहीं दी जाती है जो क्षतिग्रस्त हो गया हो, खास तौर से यदि उसके इलेक्ट्रिकल सप्लाई टेबल या रेफ्रिजरेंट सर्किट को नुकसान पहुँचा हो। क्षतिग्रस्तता की स्थिति में, कृपया सहायता के लिए **देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** या अपने किसी भी लोकल प्रोडक्ट डीलर से संपर्क करें।

### ⚠ चेतावनी



छेड़छाड़ मत करें

सभी तरह के रिपेयर, डिसअसेंबली और मोडिफिकेशन केवल योग्य तकनीशियन द्वारा किए जाने चाहिए। इन्हें खुद करने का प्रयास करने से आग, खराबी या चोट लगने की संभावना है।





बिजली के झटके का खतरा

प्रोडक्ट पर सीधे पानी के छींटे न डालें, न ही उसे पानी से धोएँ। ऐसा करने पर शॉर्ट-सर्किट और बिजली का रिसाव हो सकता है।




विस्फोट का खतरा

ज्वलनशील या वाष्पशील पदार्थों को यूनिट में कभी न रखें क्योंकि इससे विस्फोट हो सकता है और आग लग सकती है।




निषिद्ध

पॉवर कॉर्ड को क्षतिग्रस्त, मोडिफाई, जरूरत से ज्यादा बेंड, स्ट्रेन (ऐंठना), ट्विस्ट (मरोड़ना) या बंडल अप (गठरी बांधना) न करें। इसके अलावा, भारी वस्तुओं को रखने या तंग जगह में ठूंस कर भरने से पावर कॉर्ड को नुकसान पहुंच सकता है जिसके चलते बिजली का झटका या आग लग सकती है।





निषिद्ध

यूनिट के ऊपर कभी भी भारी वस्तु या पानी से भरी वस्तुएँ न रखें। वस्तुएँ नीचे गिर सकती हैं जिनसे चोट लग सकती है, और पानी के गिरने से इलेक्ट्रिकल कंपोनेंट का इंसुलेशन खराब हो सकता है जिसके परिणामस्वरूप बिजली का रिसाव हो सकता है।




ज्वलनशील


ज्वलनशील स्प्रे कैन का कभी भी उपयोग न करें या यूनिट के पास ज्वलनशील पदार्थ न रखें। इलेक्ट्रिकल स्विच से निकली चिंगारी से विस्फोट और आग लग सकती है।



# ⚠ चेतावनी


निषिद्ध

कभी भी दरवाजे से न लटकें और न ही यूनिट पर चढ़ें। यूनिट पलट सकती है या गिर सकती है जिसके परिणामस्वरूप भौतिक क्षति पहुँच सकती है या चोट लग सकती है।




## पर्याप्त हवादार जगह

कृपया चेस्ट फ्रीजर और दीवार के बीच 10 सेमी से ज्यादा जगह रखें। अगर जगह नहीं है, तो ठंडा करने की क्षमता कम हो सकती है।





निषिद्ध

पॉवर कॉर्ड प्लग या अन्य इलेक्ट्रिकल कंपोनेंट को कभी न छूएँ, या गीले हाथों से स्विच को न छूएँ। इनकी वजह से बिजली का झटका लग सकता है।




निषिद्ध


यदि पॉवर कॉर्ड या प्लग क्षतिग्रस्त हो अथवा रिसेप्टकल सॉकेट में प्लग मजबूती से नहीं लगा हो तो इसका उपयोग न करें क्योंकि बिजली का झटका, शॉर्ट सर्किट और आग लग सकती है।



पॉवर कॉर्ड को डिसकनेक्ट करते समय, प्लग को मेन बॉडी से पकड़ें। कॉर्ड को खींचने से वायर टूट सकता है, जिसके परिणामस्वरूप ओवरहीटिंग और आग लग सकती है।




सुनिश्चित करें कि यूनिट को इधर–उधर ले जाने पर वह पलटे या गिरे नहीं। यूनिट के गिरने से गंभीर चोट लग सकती है।



# ⚠ चेतावनी


यूनिट को ऐसे स्थान पर इंस्टॉल करें जहाँ की फर्श यूनिट का भार संभालने के लिए पर्याप्त मजबूत हो। यदि फर्श पर्याप्त मजबूत नहीं है या इंस्टॉलेशन गलत तरीके से किया गया है, तो यूनिट पलट सकता है, और तब शेल्फ और प्रोडक्ट के गिरने से व्यक्ति को चोट लग सकती है।






विस्फोट के खिलाफ सावधानी


यदि आप गैस का रिसाव होते देखते हैं तो कृपया चेस्ट फ्रीजर को न छूएँ, फिर गैस को बंद कर दें और वेंटिलेशन के लिए दरवाजा खोल दें।
गैस रिसाव के कारण विस्फोट, आग और आग से जुड़ी चोट लग सकती है।




यूनिट को ऐसे स्थान पर स्टोर करें जहाँ यह बारिश के संपर्क में न आए। बारिश के संपर्क में आने वाले यूनिट का उपयोग करने से बिजली का रिसाव और बिजली का झटका लग सकता है।



गर्म हवा के स्रोतों से दूर रखें।
यदि यूनिट को हॉट प्लेट और स्टोव जैसे गर्मी के स्रोतों के पास रखा जाता है, और यदि इस पर धूप सीधी पड़ती है तो ठंडा करने क्षमता कम हो जाती है।



यूनिट को डिसअसेंबल करने और डिस्पोज़ करने का काम योग्य विशेषज्ञों द्वारा किया जाना चाहिए।




क्या यूनिट को अस्थायी रूप से कहीं स्टोर करने की आवश्यकता है, तो सुनिश्चित करें कि यूनिट ऐसे स्थान पर न रखा हो जहाँ बच्चे खेलते हैं, और इस बात की सावधानी बरतें कि इसका दरवाजा पूरी तरह से बंद न हो जाए। इससे कंपार्टमेंट के अंदर किसी बच्चे के फंसने का जोखिम कम होगा।

# डिफ्रॉस्टिंग

- कृपया अंदर से खाली करें। और पावर कॉर्ड प्लग को डिसकनेक्ट करें।
- जब बर्फ़ पिघलना शुरू हो जाए, तो इसे हाथोंसे से निकाले जिससे आप कम समय में डिफ्रॉस्ट कर पाएँगे।
- ड्रेनिंग करने के बाद अंदर पोंछें, फिर ड्रेन बोल्ट और इनसाइड ड्रेन पर प्लास्टिक कैप लगाएँ।

चेतावनी

For defrosting freezer, don't use a hammer, knife, or bottle. If you use it, it give damage to inside evaporator. And chest freezer cannot cool, and inside goods can thaw.
Please do not destroy the freeze loop.
Please do not storage anything others expect the manufacturer's recommendation.



शारीरिक, इंद्रिय संबंधी या मानसिक रूप से कम सक्षम वाले अथवा अनुभव या ज्ञान की कमी वाले व्यक्तियों (बच्चों सहित) के लिए इस एप्लायंस का उपयोग करना तब तक उपयुक्त नहीं है, जब तक कि ऐसे व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा एप्लायंस के उनके उपयोग की निगरानी न की जा रही हो या इसके उपयोग के संबंध में निर्देश नहीं दिया गया हो।
यदि सप्लाई कॉर्ड क्षतिग्रस्त हो जाता है, तो इसे निर्माता या सर्विस एजेंट के पास उपलब्ध स्पेशल कॉर्ड या असेंबली से बदला जाना चाहिए।

**बच्चों पर नज़र रखें ताकि वे एप्लायंस के साथ न खेलें।**

# सफाई (क्लीनिंग)

चेतावनी

बिजली का झटका लगने के खतरे या इससे होने वाली चोट को रोकने के लिए सर्कुलेशन फैन को घुमाएँ; हमेशा सफाई करने से पहले दीवार के आउटलेट से पावर कॉर्ड प्लग को डिसकनेक्ट करें।


## बाहरी कंपार्टमेंट और कूलर कंपार्टमेंट

मुलायम और सूखे कपड़े से उसे पोंछ लें। अगर बहुत ज्यादा गंदा या मैला हो गया हो, तो डिटर्जेंट लगाकर कपड़े से पोंछ लें।
फिर पानी से गीला किए हुए कपड़े से पोंछ लें।

चेतावनी

कूलर पर सीधे पानी के छींटे न डालें, न ही उसे पानी से धोएँ। ऐसा करने पर शॉर्ट-सर्किट हो सकता है, और बिजली का झटका लग सकता है।

- कूलर को हर समय साफ रखने के लिए उसकी नियमित रूप से सफाई जरूरी है।
- कभी भी पॉलिशिंग पाउडर, साबुन पाउडर, बेंज़ीन, तेल या गर्म पानी का इस्तेमाल न करें क्योंकि इससे पेंटिंग और प्लास्टिक के घटकों को नुकसान पहुँच सकता है।




## दरवाजा

- दरवाजे को खोलें और उसे हमेशा सूखे कपड़े से साफ करें।

# विशेषताएँ

- 100% सोलर संचालित
- आसानी से तापमान का नियंत्रण
- आवश्यक भौगोलिक स्थिति और ऑटोनॉमी के अनुसार, बैटरी और पैनल कॉन्फ़िगरेशन को कस्टमाइज़ किया जा सकता है
- आवश्यकता के अनुसार डीसी फैन, बल्ब, बैटन लाइट और मोबाइल चार्जिंग को डीसी रेफ्रिजरेटर के साथ सिस्टम में जोड़ा जा सकता है
- स्पेशल फीचर्स के रूप में पैकेज में स्मार्ट ऑन/ऑफ कंट्रोलर, रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम, टेंपरेचर लॉगर और 'पे एज़ यू गो' जैसे फीचर्स शामिल किए जा सकते हैं
- 12/24V डीसी पॉवर सोर्स द्वारा रेफ्रिजरेटर को सीधी सप्लाई की जा सकती है
- यह 24 X 7 चलता है
- यह डिवाइस तीन लीवर वाले बैटरी वोल्टेज बटन (H/M/L) से लैस है

# इसका उपयोग कैसे करें


**उपयोग से पहले**


- शिपिंग पैकेजिंग, टेप आदि को हटा दें, और वेंटिलेशन के लिए ढक्कन को थोड़ी देर खुला छोड़ दें।
- शिपमेंट से पहले यूनिट को साफ किया जाता है। हालाँकि, डिलीवरी के बाद कंपार्टमेंट के इंटीरियर को एक बार जरूर साफ करें।
- इंस्टॉलेशन के बाद, ऑपरेशन शुरू होने के लगभग 10 मिनट बाद यह ठंडा करना शुरू कर देगा।
- फ्रीजर में कोई चीज़ रखने से पहले रेफ्रिजरेटर के कंपार्टमेंट को ठंडा करने के लिए इसे लगभग 2 घंटे तक चलाएँ।

**रिस्टार्ट करने से पहले 3 मिनट या अधिक समय तक प्रतीक्षा करें**




- बंद होने के तुरंत बाद यूनिट को रिस्टार्ट करने से फ्यूज उड़ सकता है और सर्किट ब्रेकर सक्रिय हो सकता है, कंप्रेसर ओवरलोड हो सकता है, और/या कोई अन्य क्षति पहुँच सकती है।

# स्ट्रक्चर ड्रॉइंग


डोर लॉक
गैस्केट
एलईडी
बास्केट
ग्लास लिड
हिंज़
लैच
बॉक्स
वेंट्स
ऑपरेशन पैनल
डीसी सॉकेट


तापमान
मैक्स/इको
पॉवर क्षमता
कम बैटरी
वोल्टेज
सेटिंग
ऊपर
नीचे
Max
Eco
H M L
UVP
SET

# डिस्प्ले ऑपरेटिंग निर्देश तालिका

| **आइकन** | **ऑपरेशन** |
|---|---|
|  | **पॉवर को चालू** या **बंद** करने के लिए पॉवर स्विच को दबाएँ |
|  | बैटरी वोल्टेज रीडिंग |
|  | तापमान रीडिंग |
|  | तापमान सेट करने के लिए एक बार दबाएँ |
|  | ऊपर – तापमान ऊपर बटन |
|  | नीचे – तापमान नीचे बटन |
|  | इको/मैक्स इंडिकेटर; **मैक्स** का अर्थ **हाई-स्पीड ऑपरेशन,** इको का अर्थ **एनर्जी सेविंग ऑपरेशन** है |
|  | मोड ऑपरेशन बटन; **हाईस्पीड** या **एनर्जी सेविंग ऑपरेशन** का चयन करने के लिए इसे दबाएँ। |
|  | H\M\L के बीच स्विच करने के लिए UVP दबाएँ |

# बैटरी सुरक्षा सिस्टम

• UVP: 


बैटरी सुरक्षा; कम, मध्यम और अधिक ये तीन प्रकार सेट करने के लिए + या – दबाएँ

| प्रकार | 12V प्रोटेक्शन वोल्टेज | 12V रीस्टोर वर्किंग वोल्टेज | 24V प्रोटेक्शन वोल्टेज | 24V रीस्टोर वर्किंग वोल्टेज |
|---|---|---|---|---|
| L | 10.3 V | 11.4 V | 21.6 V | 23.0V |
| M | 10.7 V | 11.7 V | 22.6V | 24.0 V |
| H | 11.5 V | 12.5 V | 24.6 V | 26.0 V |

# तकनीकी मापदंड


| क्र.सं. | मॉडल / पैरामीटर | DDSR-100 | DDSR-150 | DDSR-200 | DDSR-250 | DDSR-300 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्लाइमेट टाइप | ST, T | | | | |
| 2 | रेटेड वोल्टेज | 12V / 24V | | | | |
| 3 | ग्रॉस वॉल्यूम | 100L | 150L | 200L | 250L | 300L |
| 4 | नेट वॉल्यूम | 85L | 128L | 170L | 215L | 255L |
| 5 | करंट की खपत* | 5.8A @ 12V 2.8A @ 24V Imax : ~5.3A @24V | 5.9A @ 12V 2.9A @ 24V Imax:~5.3A @24V | 8.7A @ 12V 4.3A @ 24V Imax: ~7 A @24V | 10.4A @12V 5.2A @ 24V Imax:~8.9A @24V | 10.6A @ 12V 5.4A @ 24V Imax:~8.9A @24V |
| 6 | आरपीएम के संदर्भ में रेटेड पॉवर | ~ 46 to 81W | | ~65 to 110W | ~96.5 to 168W | |
| 7 | ऊर्जा खपत* | 0.35kWh/ 24h | 00.39kWh/ 24h | 0.6kWh/ 24h | 1kWh/24h | 1.15kWh/ 24h |
| 8 | बाहरी डायमेंशन (mm) | 625 x 525 x 843 | 735 x 535 x 840 | 870 x 535 x 849 | 1074 x 535 x 840 | 1074 x 660 x 840 |
| 9 | कुल वज़न | 26kg | 29kg | 32kg | 37kg | 42kg |
| 10 | रेफ्रिजरेंट | R134a | | | | |
| 11 | तापमान/ उपयोग श्रेणी | बेवरेज़ और पैंट्री | | | 8°C | |
| | | ताज़ा भोजन | | | 4°C | |
| | | ज़ीरो – स्टार फ्रीजर | | | 0°C | |
| | | वन – स्टार फ्रीजर | | | -6°C | |
| | | टू – स्टार फ्रीजर | | | -12°C | |

- सभी मानक परीक्षण स्थितियों (एसटीसी) के अंतर्गत*

## अनुशंसाएँ

| पैकेज | मॉडल | सोलर पैनल की डिजाइन | बैटरी की डिजाइन | डीसी बल्ब/बैटन लाइट | फैन |
|---|---|---|---|---|---|
| डीडीएसआर स्टैंडर्ड | DDSR-100 | 150Wp/12V - 2 समानांतर में 2 नग | 12V / 100 Ah - 1 no | 1 बल्ब (7W) | - |
| डीडीएसआर प्रो | DDSR-200 | 150Wp/12V - 3 समानांतर में 3 नग | 12V / 150 Ah - 1 no | 2 बल्ब (7W) | 1 DD BLDC पेडेस्टल (13.5W) |
| डीडीएसआर जंबो | DDSR-250 | 335Wp/24V - 3 समानांतर में 3 नग | 12V / 150 Ah - 2 no | 2 बैटन लाइट (9W) | 1 DD BLDC पेडेस्टल (13.5W) |

## ऊर्जा आवंटन तालिका



# समस्या-निवारण

**बिजली गुल होना**

- अचानक बिजली गुल होना – फ्रीजर कंपार्टमेंट से ठंडी हवा को बाहर निकलने से रोकने के लिए दरवाजे को कम से कम खोलें और बंद करें। कांच की बाहरी सतह को कंबल आदि से ढंकने से तापमान कम बना रहेगा।
- दरवाजे को कम से कम खोलें और बंद करें।
- कूलर में नई चीज़ रखने से बचें क्योंकि इससे कंपार्टमेंट के अंदर का तापमान बढ़ जाएगा।

**लंबे समय तक उपयोग में नहीं**

- कंपार्टमेंट से सभी चीज़ों को निकाल दें, और दीवार के आउटलेट से पॉवर कॉर्ड प्लग को डिसकनेक्ट कर दें।
- कंपार्टमेंट के भीतरी हिस्से को साफ करें और सारा पानी पोंछ दें – नमी, गीलापन और दुर्गंध को रोकने के लिए, कंपार्टमेंट को पूरी तरह से सुखाने के लिए दरवाजे को खुला छोड़ दें।


**कम समय के लिए उपयोग में नहीं (अस्थायी रूप से बंद)**

- कृपया दरवाजे और चेस्ट फ्रीजर के बीच लकड़ी चिपका दें ताकि यह बंद न हो सके।
- कृपया चेस्ट फ्रीजर को ऐसे स्थान पर न रखें जहाँ बच्चों के खेलने की संभावना हो। अगर बच्चे इसमें खुद को बंद कर लें तो वे इससे बाहर नहीं निकल पाएँगे।

## त्रुटि कोड

| त्रुटि कोड | त्रुटि का प्रकार |
|---|---|
| **E0** | टेंपरेचर सेंसर में शॉर्ट–सर्किट हो गया है। इस दौरान, कंप्रेसर टाइमिंग वर्क मोड में चला जाता है, तब कंप्रेसर 30 मिनट तक चलता है और फिर 30 मिनट बंद रहता है |
| **E1** | वोल्टेज प्रोटेक्शन के तहत मॉड्यूल इनपुट |
| **E2** | करंट प्रोटेक्शन पर डीसी फैन |
| **E3** | कंप्रेसर असामान्य रूप से प्रोटेक्शन शुरू करता है |
| **E4** | कंप्रेसर रोटेट स्पीड का असामान्य प्रोटेक्शन |
| **E5** | मॉड्यूल के तापमान का असामान्य प्रोटेक्शन |
| **E9** | टेंपरेचर सेंसर डिसकनेक्ट हो गया है। इस दौरान, कंप्रेसर टाइमिंग वर्क मोड में चला जाता है, तब कंप्रेसर 30 मिनट तक चलता है और फिर 30 मिनट बंद रहता है। |

## सर्किट डायग्राम




# सर्विस के लिए अनुरोध करने से पहले

**यदि आप यूनिट में समस्याएँ महसूस करते हैं तो कृपया निम्नलिखित आइटम की जाँच करें। यदि उचित सुधारात्मक उपायों के बाद भी समस्या बनी रहती है, तो दीवार के आउटलेट से पॉवर कॉर्ड प्लग को डिसकनेक्ट करें।**

**कूलर में रखी चीज़ों को किसी बॉक्स या अन्य कंटेनर में रख दें। फिर उस डीलर से संपर्क करें जिससे आपने यह यूनिट खरीदी है, और नीचे ''आवश्यक जानकारी'' के अंतर्गत उल्लिखित जानकारी प्रदान करें।**

चेतावनी

बिजली के झटके से जुड़े किसी भी खतरे को रोकने के लिए। गीले हाथों से पॉवर कॉर्ड प्लग को दीवार के आउटलेट से डिसकनेक्ट न करें।

| | |
|---|---|
| **बिल्कुल भी ठंडा (रेफ्रिजरेशन) नहीं होना** | • क्या बिजली की सप्लाई बाधित है?<br>• क्या पॉवर कॉर्ड का प्लग दीवार के आउटलेट से डिसकनेक्ट हो गया है?<br>• क्या शॉप का पॉवर फ्यूज उड़ गया है और/या सर्किट ब्रेकर सक्रिय हो गया है?<br>• तापमान नियंत्रण को MAX की दिशा में किया गया। यदि बहुत ठंडा है, तो डायल को OFF की दिशा में घुमाएँ? |
| **पर्याप्त रूप से ठंडा नहीं** | • क्या इंस्टॉलेशन वाली जगह काफी हवादार है?<br>• क्या फ्रीजर पर सीधी धूप पड़ती है या वह हीटर या स्टोव के पास रखा हुआ है?<br>• क्या ढक्कन को बार-बार खोला और बंद किया जाता है?<br>• क्या इसमें लोड लाइन से अधिक चीजें रखी गई हैं?<br>• तापमान नियंत्रण के डायल को MAX की दिशा में घुमाएँ। यदि बहुत ठंडा है, तो डायल को MIN की दिशा में घुमाएँ?<br>• चेस्ट फ्रीजर में अधिक फ्रॉस्ट बनता है? |
| **ज्यादा आवाज़ होना** | • क्या फ्रीजर के नीचे की फर्श काफी सख्त है?<br>• क्या यूनिट हिल रही है और उससे खड़खड़ाहट की आवाज़ आ रही है?<br>• क्या यूनिट का पिछला पैनल दीवार या किसी अन्य चीज़ से छू रहा है?<br>• क्या चेस्ट फ्रीजर के पीछे कोई कंटेनर या अन्य चीज़ है?<br>ऑपरेशन शुरू होने के बाद थोड़ी देर तक कंप्रेसर से तेज़ आवाज़ आना सामान्य है। ठंडा होने के साथ आवाज़ आनी बंद हो जाएगी। |
| **कूलर के बाहरी हिस्से पर कंडेंसेशन** | • गर्म और नमी वाले दिनों में या इंस्टॉलेशन की जगह के आधार पर बाहरी हिस्से और दरवाजे पर कंडेंसेशन देखा जा सकता है। यह तब होता है जब नमी अधिक होती है, और हवा में मौजूद पानी के कण ठंडी सतहों के संपर्क में आते हैं। ऐसा होना सामान्य बात है। कंडेंसेशन को सूखे कपड़े से पोंछ दें। |
| **हो सकता है कि चेस्ट फ्रीजर का घेरा (परिधि) गर्म हो गया हो** | • खास तौर पर गर्मी या बारिश के मौसम में, चेस्ट फ्रीजर का घेरा गर्म महसूस होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि चेस्ट फ्रीजर के अंदर रेडिएटिंग के लिए और कंडेंसेशन को रोकने के लिए एक पाइप लगी होती है। यह गर्मी भीतर की चीज़ों को प्रभावित नहीं करती है।  |

# आवश्यक जानकारी

1 खराबी की प्रकृति (यथासंभव सटीक)

2 प्रोडक्ट नंबर

3 सीरियल नंबर

} बैज पर अंकित

4 ग्राहक का नाम, पता

5 खरीद की तिथि और वर्ष

6 सर्विस विजिट की वांछित तिथि

**चेतावनी:** एप्लायंस के एंक्लोजर (संलग्नक) में या बिल्ट-इन स्ट्रक्चर में वेंटिलेशन की ओपनिंग को हर तरह की रुकावट से दूर रखें।

# इलेक्ट्रिकल डीसी कनेक्शन

**रेफ्रिजरेंट ऑयल के सेटल होने के लिए जरूरी है कि एप्लायंस को इंस्टॉल करने के बाद उसे चालू करने से पहले 2 घंटे के लिए छोड़ दें। यदि एप्लायंस को साइड में हैंडल किया गया है या सिरे पर खड़ा किया गया है, तो इसे चालू करने से पहले 12 घंटे के लिए सामान्य ऑपरेटिंग स्थिति में रहने देना चाहिए।**

**इस एप्लायंस को कभी भी किसी एसी (अल्टरनेटिंग करंट) पॉवर सोर्स से सीधे कनेक्ट नहीं करना चाहिए!**

**एप्लायंस को केवल 12 /24V डीसी सोर्स से कनेक्ट करना चाहिए, जैसे कि बैटरी या चार्ज कंट्रोलर। यूनिट स्वचालित रूप से 12V या 24V डीसी पर काम करेगी। यूजर को कोई एडजस्टमेंट करने की आवश्यकता नहीं है।**


### ध्यान दें

इस डीसी एप्लायंस की वायरिंग में पोलेरिटी अहम है। सुनिश्चित करें कि रेफ्रिजरेटर कंप्रेसर के पॉजिटिव वायर से बैटरी या चार्ज कंट्रोलर का पॉजिटिव टर्मिनल मेल खाता है, और रेफ्रिजरेटर कंप्रेसर के निगेटिव वायर से बैटरी या चार्ज कंट्रोलर का निगेटिव टर्मिनल मेल खाता है। केबल शूज़ और पेंचदार कनेक्शनों का उपयोग करके लीड्स को कनेक्ट किया जाना चाहिए। जॉइन किए गए लीड्स से बचना चाहिए।

सुनिश्चित करें कि वायरिंग नियमों के अनुसार डिस्कनेक्शन के साधनों को फिक्स्ड वायरिंग में शामिल किया गया है।

| कनेक्ट करते समय | डिसकनेक्ट करते समय |
| --- | --- |
| हमेशा पॉजिटिव '+' को पहले कनेक्ट करें | हमेशा निगेटिव '–' को पहले डिसकनेक्ट करें |

# कनेक्शन
# (सोलर पैनल + बैटरी + कंट्रोलर + डीसी रेफ्रिजरेटर)



# सर्विस पॉलिसी

**1.** देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड यह वारंटी देता है कि सोलर रेफ्रिजरेटर दोषों से मुक्त है, और इसके निर्माण के दौरान खराब पुर्जों के इस्तेमाल के चलते कोई भी क्षति सीमित वारंटी ('वारंटी') की शर्तों के अधीन है। किसी भी तरह का दावा **वारंटी अवधि** के भीतर किया जाना चाहिए।

**2.** देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की वारंटी के तहत केवल उन्हीं ग्राहकों द्वारा दावा किया जा सकता है जिन्होंने देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड या अधिकृत डीलर/डिस्ट्रीब्यूटर से सोलर रेफ्रिजरेटर के लिए खरीद आदेश दिया है और भुगतान किया है। विक्रेता या देवीदयाल सोलर प्राइवेट लिमिटेड को इस सोलर रेफ्रिजरेटर का कोई भी पुर्जा वापस करने के बाद यदि जाँच करने पर मटेरियल या कारीगरी में गड़बड़ी निर्धारित होती है, तो डीलर या देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को शिकायत दर्ज करने की तारीख से 30 दिनों के भीतर इस वारंटी के अंतर्गत उस पुर्जे की मरम्मत की जाएगी या उसे बदल दिया जाएगा। दोषपूर्ण पुर्जों की मरम्मती या बदलने का दायित्व कंपनी देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के विवेकाधीन होगा।

**3.** देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड से वारंटी अवधि।

(क) पूरे सोलर रेफ्रिजरेटर की वारंटी 2 वर्ष की अवधि तक है।

(ख) वारंटी अवधि की गणना हमारे अधिकृत डीलर/डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा इनवॉइस की तिथि से और हमारे डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा विधिवत भरी हुई और हस्ताक्षरित वारंटी कार्ड के अनुसार की जाती है।

**4.** यह वारंटी अप्रभावी और शून्य हो जाएगी यदि:

(क) प्रोडक्ट में कोई भी फिजिकल क्षति है।

(ख) प्रोडक्ट को एक ऐसे पक्ष द्वारा मोडिफाई, मेंटेन या रिपेयर किया जाता है जो देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अधिकृत नहीं है।

(ग) प्रोडक्ट को देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सुझाए गए तरीकों से भिन्न रूप में इंस्टॉल, मेंटेन या ऑपरेट किया जाता है।

(घ) बैटरी या सोलर पैनल या रेफ्रिजरेटर से बाहर की इलेक्ट्रिकल गड़बड़ियों के कारण प्रोडक्ट दोषपूर्ण या क्षतिग्रस्त हुआ है।

(ङ) देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के प्रोडक्ट पर/में किसी अलग कंपनी का प्रमाणित प्रोडक्ट जोड़ा/डाला गया है।

**5.** वारंटी की सीमाएँ

(क) यह वारंटी केवल पहले खरीदार ('मूल खरीदार') के लिए है, जिसने इस फ्रिज/रेफ्रिजरेटर को स्वयं के उपयोग के लिए खरीदा है; और ऐसी स्थिति में ही देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड या विक्रेता द्वारा यह वारंटी प्रदान की जाएगी।

(ख) वारंटी में रेफ्रिजरेटर को बदलना कवर नहीं है।

(ग) देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की वारंटी में कार्यक्षमता की वारंटी या ऐसे दोषपूर्ण रेफ्रिजरेटर की मरम्मत करने या बदलने की कोई देयता शामिल नहीं है, जो भौतिक टूट–फूट, अनुचित ढंग से इंस्टॉलेशन या कनेक्शन, प्रोडक्ट से बाहर के इलेक्ट्रिकल/ बैटरी/ सोलर पैनल के दोष अथवा प्रोडक्ट के दुरुपयोग या अनधिकृत संशोधन की वजह से होते हैं।

(घ) चाहे सिस्टम के हिस्से के रूप में खरीदे गए या इसके साथ बंडल किए गए तीसरे पक्ष के वे पेरिफेरल्स, जो सामान्यतः मौजूदा सप्लायर की वारंटी और देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ आते हैं, ऐसे प्रोडक्ट के लिए वारंटी प्रदान नहीं करते हैं।

(ङ) देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उपकरण के त्रुटिमुक्त या निर्बाध संचालन की वारंटी नहीं दी जाती है।

**6.** वारंटी इन पर लागू नहीं होती है

(क) रेफ्रिजरेटर के दरवाजे/बॉडी में टूट–फूट।

(ख) सामान्य टूट–फूट, क्षरण, जंग, दाग आदि के कारण बदलाव की आवश्यकता वाले पुर्जे।

(ग) प्राकृतिक और अप्रत्याशित घटना के कारण होने वाली क्षति।

**7.** यहाँ दी गई वारंटी के अलावा, देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड किसी विशेष उद्देश्य के लिए मर्चेंटेबिलिटी या फिटनेस की निहित वारंटी समेत किंतु इन तक ही सीमित नहीं, अन्य सभी वारंटियों को अस्वीकार करता है, चाहे वे व्यक्त रूप में हों या निहित हों या वैधानिक रूप से अपेक्षित हों। लागू कानून द्वारा लगाई जा सकने वाली कोई भी निहित वारंटी इस सीमित वारंटी की अवधि तक ही सीमित है। अनुबंध या अपकृत्य या किसी कार्रवाई में उत्पाद के उपयोग या प्रदर्शन से उत्पन्न या उसके संबंध में वारंटी के आधार पर किसी भी घटना में देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड किसी भी आकस्मिक, विशेष या परिणामी नुकसान, परिणामी मानवीय चोट या हानि के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, जिसमें व्यवसाय, लाभ, डेटा या उपयोग की हानि शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है, भले ही देवीदयाल सोलर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को ऐसे नुकसान की संभावना से अवगत कराया गया हो।

**ध्यान दें:** सभी विवाद केवल मुंबई क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

## वारंटी कार्ड

DEVIDAYAL SOLAR SOLUTIONS

ग्राहक का नाम: ..............................................................................................................

मॉडल नंबर: ..............................................................................................................

सीरियल नंबर: ..............................................................................................................

ग्राहक का इनवॉइस नंबर और तिथि: ..............................................................................................

डीलर का पूर्ण पता और फोन नंबर:

..............................................................................................................

डीलर की मुहर:

#वारंटी दावों के लिए ग्राहक को अपने पास रखना है

ऑनलाइन वारंटी के रजिस्ट्रेशन के लिए : www.ddsolar.in

## वारंटी कार्ड

DEVIDAYAL SOLAR SOLUTIONS

ग्राहक का नाम: ..............................................................................................................

मॉडल नंबर: ..............................................................................................................

सीरियल नंबर: ..............................................................................................................

ग्राहक का इनवॉइस नंबर और तिथि: ..............................................................................................

डीलर का पूर्ण पता और फोन नंबर:

..............................................................................................................

डीलर की मुहर:

#वारंटी दावों के लिए ग्राहक को अपने पास रखना है

**कॉर्पोरेट कार्यालय**

42, चौथी मंजिल, नरीमन भवन, नरीमन पॉइंट, मुंबई- 400021, फोन: 022-22849999

**ब्रांच ऑफिस और वेयरहाउस**

प्लॉट ई-125, ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226012

**वेयरहाउस**

#10, ई9, ग्राउंड फ्लोर, पारसनाथ कॉम्प्लेक्स, गांव-वालपाड़ा, ठाणे, महाराष्ट्र- 421308

DEVIDAYAL
SOLAR SOLUTIONS

**बिक्री के लिए :**

कॉल करें : 022-22849999

**सर्विस के लिए:**

कॉल करें : 0522-4069106

**मेल:**

customercare@ddsolar.in

**इस पर जाएँ:**

www.ddsolar.in

DEVIDAYAL SOLAR SOLUTIONS